>

Title: Need to undertake electrification of villages in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): मैं सरकार का ध्यान अविलंबनीय लोक महत्व के विषय में आकृष्ट कराना चाहूंगा कि माननीय ऊर्जा मंत्री जी द्वारा पूर्व में 300 से अधिक आबादी वाले गांवों/मजरों/पूरवों का विद्युतीकरण किये जाने हेतु स्वीकृति की घोषणा की गई थी किंतु सरकार द्वारा इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। यह ब्यौरा भी उपलब्ध नहीं कराया गया है कि अब तक किन गांवों को विद्युतीकरण हेतु चिन्हित किया गया है। उत्तर प्रदेश में इस योजना का प्लान स्वीकृत नहीं हुआ है।

चित्रकूट एवं बांदा सहित उ.प्र. के बुंदेलखंड के पठारी भागों को इस योजना में चालू वर्ष में शामिल नहीं किया गया है जबकि जिलों से प्रस्ताव उ.प्र. सरकार के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट जिलों में भी आज भी दूर-दूर बसे गांवों/मजरों/पुरवों में बिजली नहीं पहुंची है जिससे क्षेत्र के विकास कार्य अवरूद्ध हो रहे हैं।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि उक्त समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए मेरे लोक सभा क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट जिलों के 300 से अधिक आबादी वाले गावों/मजरों/पुरवों का विद्युतीकरण कराने की मांग करता हूं।